हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

06 मेले के हेल्थ कैंप में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



08 बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ, खेल स्टेडियम...





## खबर संक्षेप

### हस्तशिल्प प्रदर्शनी 19 तक लगी रहेगी

**विदिशा।** ऑडिटोरियम में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 19 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक संचालित हो रही है। इस आयोजन का प्रायोजन विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा तथा आयोजन मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनी में देशभर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। यहां भागलपुर की सिल्क साड़ियां, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी, ग्वालियर-जबलपुर का पैचवर्क व स्टोन क्राफ्ट, मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज के ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, जयपुर का लेदर वर्क, पश्चिम बंगाल की जामदानी, पंजाब की फुलकारी सहित अनेक हस्तशिल्प उपलब्ध हैं। नागरिकों से प्रदर्शनी में पहुंचकर शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

### कलेक्टर ने मॉनिटरिंग के लिए 14 अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्राम पंचायतों में संचालित कृषि रथों की प्रभावी निगरानी के लिए 14 जिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है।



अधिकारी सोमवार से शुक्रवार तक अपने प्रभार क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर कृषि रथों की गतिविधियों, किसानों की सहभागिता और दी जा रही तकनीकी जानकारी का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पहल किसानों तक योजनाओं, उन्नत बीज, फसल प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों का लाभ पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण है तथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

### सिरोंज प्राकृतिक खेती में अग्रणी, लटेरी फसल विविधीकरण में अव्वल

**विदिशा।** कृषि रथ अभियान के तहत 20 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित गतिविधियों की समीक्षा में विकासखंडों की उल्लेखनीय प्रगति सामने आई है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती में सिरोंज 239 हेक्टेयर के साथ प्रथम रहा, जबकि कुरवाई, बासौदा और लटेरी क्रमशः अगले स्थानों पर रहे। नरवाई प्रबंधन में शपथ लेने वाले किसानों की संख्या में लटेरी शीर्ष पर रहा तथा अन्य विकासखंडों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। कृषि यंत्र उपलब्धता में नटेरन अग्रणी रहा, वहीं फसल विविधीकरण के क्षेत्रफल में लटेरी ने बढ़त बनाई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण में नटेरन और लटेरी आगे रहे तथा किसान-पशु क्रेडिट कार्ड और सुपर सीडर पंजीयन में भी लटेरी की उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई।

## मिशन वात्सल्य बना आशा की किरणः स्पॉन्सरशिप योजना से बदल रही 1306 बच्चों की जिंदगी, 520 बच्चों को मिल रही 4 हजार मासिक सहायता

**पात्रों को जोड़ने शासन को भेजा प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना जरूरतमंद एवं निराश्रित बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है।

यह योजना ऐसे बच्चों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर रही है जो विपरीत परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं और जिनकी शिक्षा तथा भविष्य पर संकट मंडरा रहा था। विभागीय निर्देशों के अनुसार बच्चों के चिन्हांकन और चयन की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत बच्चों को अंतिम विकल्प के रूप में ही संस्थागत देखभाल में रखा जाता है।

इसी कारण परिवार और समुदाय आधारित गैर-संस्थागत देखभाल सेवा, स्पॉन्सरशिप, पालक देखभाल, दत्तक ग्रहण और पश्चात देखभाल को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार इन व्यवस्थाओं के अंतर्गत प्रति बच्चे 4 हजार रुपए प्रतिमाह अनुदान प्रदान कर रही है, जिसकी स्वीकृति और निगरानी जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाती है।

### सतत निगरानी और संवेदनशील क्रियान्वयन

महिला एवं बाल विकास विभाग योजना के प्रभावी संचालन के लिए लगातार निगरानी, दस्तावेज सत्यापन और समय पर भुगतान सुनिश्चित कर रहा है। अधिकारी नियमित रूप से लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहे हैं। मिशन वात्सल्य केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सुरक्षित बचपन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मानजनक भविष्य का संकल्प है। जिले में इसका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां यह पहल वास्तव में जरूरतमंद बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है।

### पिता के निधन के बाद छूट गई थी बच्चे की पढ़ाई स्पॉन्सरशिप सहायता से फिर से शुरू



ग्राम सागरखेड़ा के 14 वर्षीय राहुल (काल्पनिक नाम) के पिता का निधन और माता की बीमारी के कारण उसकी पढ़ाई छूटने की कगार पर थी। स्पॉन्सरशिप सहायता मिलने के बाद वह नियमित विद्यालय जा रहा है और डॉक्टर बनने का सपना देख रहा है। इसी तरह 16 वर्षीय पूजा (काल्पनिक नाम), जो अपनी वृद्ध नानी के साथ रहती थी, अब अध्ययन सामग्री और कोचिंग सुविधा मिलने से आत्मविश्वास के साथ उच्च शिक्षा की तैयारी कर रही है।

### 1306 बच्चे , 520 को मिल रही सहायता

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले में योजना के तहत कुल 1306 बच्चों की पहचान की गई है। इनमें अनाथ बच्चे तथा ऐसे परिवारों के बच्चे शामिल हैं, जहां स्थायी आय का स्रोत उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में 520 बच्चों को प्रति माह 4 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस राशि से बच्चे अपनी पढ़ाई, कोचिंग, पुस्तकें, यूनिफॉर्म और अन्य आवश्यक जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। शेष पात्र बच्चों को भी योजना से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, ताकि चरणबद्ध तरीके से सभी चिन्हांकित बच्चों को लाभ मिल सके।

## शहर में जगह-जगह निकलीं शिव बारात, शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

# शिव की आराधना में डूबा शहर



**शिव बारात से लेकर भजन-दंगल मंदिरों और घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

महाशिवरात्रि का पर्व इस साल शहर में श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। स्टेशन कांच मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। पूरनपुरा चौराह, रायपुरा सहित कई मोहल्लों से शिव बारात निकाली गई। चरणतीर्थ पर दंगल का आयोजन किया गया। देर शाम से शिवालयों में भजन संध्या आयोजित की गईं। शहर में दिनभर डीजे, ढोल-नगाड़ों की आवाज गूंजती रही। कांच मंदिर और सिद्धेश्वरी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, दूध और जल से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल और प्रशासनिक अमला तैनात रहा। अव्यवस्था बढ़ने पर एसडीएम क्षितिज शर्मा मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाएं संभालीं। रात में बंगला घाट पर उज्जैन के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी गईं। देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

### बांग्लाघाट पर केदारनाथ प्रतिरूप मंदिर के दर्शन




बंगलाघाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस वर्ष घाट परिसर को केदारनाथ धाम के प्रतिरूप मंदिर के रूप में सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। घाट पर पुलिस बल के साथ होमगार्ड के गोताखोर तैनात रहे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बंगला घाट के राजा के दर्शन किए। वहीं भारती मठ, ओघड़दानी, जटाशंकर मंदिर, बैसनगर के शिवालयों में भी भक्तों की अपार भीड़ देखी गई। सुबह से लेकर देर रात का पूरा शहर भगवान शंकर की भक्ति में डूबा रहा। रात में भी मुख्य बाजार से शिव बारात निकाली गई।

### चरण तीर्थ पर विशाल दंगल प्रतियोगिता हुई



महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री शिव शंकर अखाड़ा संगठन द्वारा चरण तीर्थ धाम में दंगल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए नामी पहलवानों ने रोमांचक मुकाबले पेश कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने पहलवानों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। विजेता पहलवानों को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा देते हैं।

## हाईवे बायपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बेगमगंज निवासी बाइक सवार युवक ने दम तोड़ा

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार रात बायपास पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी, जिसके बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे सागर बायपास पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। समाजसेवी आदर्श तिवारी ने घायल युवक को तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के पास मिले दस्तावेजों और मोबाइल फोन के आधार पर उसकी पहचान बेगमगंज जिला रायसेन निवासी सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई। परिजनों को घटना की



सूचना दे दी गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बायपास पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं ने सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात में सख्त निगरानी और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है।

### कलेक्टर ने कृषि रथ प्रगति की समीक्षा की

## 378 शिविरों में 14 हजार से अधिक किसानों ने लिया लाभ

- 100 वैज्ञानिकों ने किसानों को तकनीकी परामर्श प्रदान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जिले में संचालित कृषि रथ अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 20 जनवरी 2026 से 14 फरवरी तक सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर कृषि शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से किसानों तक उन्नत कृषि तकनीक, योजनाओं और वैज्ञानिक मार्गदर्शन की जानकारी पहुंचाई गई।

इस अवधि में जिले के सातों विकासखंडों में कुल 378 कृषि शिविर आयोजित हुए, जिनमें 14 हजार 121 किसानों ने सहभागिता की। ग्रामस्तर पर अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज रही, जबकि 100 वैज्ञानिकों ने किसानों को तकनीकी परामर्श प्रदान किया। विकासखंडवार आंकड़ों में विदिशा और बासौदा में 54-54 शिविरों के माध्यम से क्रमशः 2137 और 2085 किसान लाभान्वित हुए। कुरवाई में 1991, सिरोंज में 1787, ग्यारसपुर में 1907, नटेरन में 2011 तथा लटेरी में सर्वाधिक 2203 किसानों की भागीदारी रही।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कृषि रथों के जरिए किसानों को उन्नत बीज, फसल प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण और आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रभावी रूप से दी जाए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग और अधिकतम किसान सहभागिता सुनिश्चित कर अभियान को और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।

## विष्णु मंदिर में मूर्ति खंडित करने की घटना का खुलासा दीपनाखेड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सोने की मूर्ति चोरी करने की नीयत से पहुंचे थे आरोपी, सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को मिला सुराग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/ सिरोंज

दीपनाखेड़ा पुलिस ने ग्राम गोपालनगर स्थित एक हजार वर्ष प्राचीन राज्य संरक्षित विष्णु मंदिर में प्रतिमा खंडित करने की घटना का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने भोपाल-सिरोंज मार्ग पर ग्राम सुहाया के पास घेराबंदी कर दीपक पचोरे एवं उसके साथी राकेश कहार को रोका। पूछताछ



करने पर उन्होंने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से बाइक भी जब्त की गई है। आरोपी मंदिर में सोने की मूर्ति चोरी करने की नीयत से पहुंचे थे। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मंदिर के गार्ड की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। एफएसएल एवं फिंगरप्रिंट टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया और विशेष टीम गठित कर जांच तेज की गई। जांच के दौरान 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें 360 दृष्टि अभियान के कैमरों से महत्वपूर्ण सुराग मिले।

तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर संदिग्ध बाइक की पहचान की गई। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक , हेलमेट और लोहे की रॉड बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में सिरोंज परियोजना अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तृतीय चरण में सेवाप्रताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, हेल्पलाइन 1098 व 112 पर त्वरित सूचना तथा नाबालिग विवाह रोकने में समुदाय की जिम्मेदारी पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में शपथ दिलाकर बाल विवाह न करने का संकल्प कराया गया।

## शीतलधाम में समवसरण मंदिर की मुख्य वेदी का शिलान्यास पत्थरों से निर्मित 135 फीट ऊंचे मंदिर का कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शीतलधाम में भव्य समवसरण मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है। दो दिनों से चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के बीच रविवार को मंदिर की मुख्य वेदी और लगभग 100 फीट ऊंचे डोम पर शिखर निर्माण का शिलान्यास हुआ।

यह कार्यक्रम आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि संभवसागर, मुनि निस्सीम सागर और मुनि संस्कार सागर के सानिध्य में आयोजित किया गया। बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया के निर्देशन में मुंबई निवासी धर्मानुरागी प्रशांत जैन व दिव्या जैन परिवार तथा प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया व सुधा मलैया परिवार



ने शिलान्यास की विधि की। शीतलधाम में चल रहे इन अनुष्ठानों में विदिशा सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने समवसरण मंदिर की मुख्य बेदी पर शिला स्थापित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### 2008 से चल रहा निर्माण

शीतलविहार न्यास के अध्यक्ष सचिन जैन ने बताया कि समवसरण मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2008 से जारी है और अब यह पूर्णता की ओर है। मंदिर की कुल ऊंचाई लगभग 135 फीट होगी। इसकी विशेष बात यह है कि इसका निर्माण बिना लोहा और सीमेंट के पूरी तरह पत्थरों से किया जा रहा है। मंदिर में चार दिशाओं में भगवान शीतलनाथ की प्रतिमाएं और 72 जिन प्रतिमाएं विराजमान होंगी। सचिन जैन ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य में अभी लगभग डेढ़ वर्ष का समय और लगेगा, जिसके बाद आचार्य समयसागर महाराज के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किए जाने की संभावना है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने मंच से घोषणा की कि मुख्य बेदी और शिखर का कार्य लगभग चार माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।

## महाराष्ट्र में फंसी 5 महिला मजदूरों की सुरक्षित वापसी

**सोलापुर-बीड पुलिस से समन्वय कर कराया रेस्क्यू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा पुलिस ने महाराष्ट्र में फंसी पांच आदिवासी महिला मजदूरों और उनके साथ गए चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित मुक्त कर घर पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार गुलाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुआखेड़ी और करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम रुसल्ली की महिलाओं को रोजगार का झांसा देकर महाराष्ट्र के सोलापुर और बीड ले जाया गया था, जहां उनसे जबरन काम कराया जा रहा था और मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। शिकायत मिलते ही विदिशा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र पुलिस से समन्वय स्थापित किया और संयुक्त प्रयास से सभी महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित जिलों की पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की गई, जिसके बाद सभी को सकुशल वापस लाया गया। बीड पुलिस द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। महिला मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी पर परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए विदिशा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### सड़कों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए

**विदिशा।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के कमिश्नर संकेत भोंडवे ने बेतवा रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट में प्रस्तावित निर्माण कार्य का जायजा लिया है। इसके बाद जतरापुरा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे। यहां शहर के प्रदूषित नालों से आने वाले पानी को साफ किया जाता है। कमिश्नर ने जतरापुरा पीएम आवास का भी निरीक्षण किया। शहर के तीन अलग-अलग स्थानों से डामर रोड और सीसी सड़कों के सैंपल लिए गए। इन सैंपलों की जांच मोबाइल लैब से कराई गई। एलआईसी ऑफिस के सामने हाल ही में बनी डामर रोड से भी सैंपल लिए गए। दो अन्य सड़कों के सैंपल भी जांच के लिए लिए गए। इनकी रिपोर्ट बाद में आएगी।

## खबर संक्षेप

### पचमा बायपास मार्ग पर फंसे वाहन



**गंजबासौदा।** रविवार को पचमा बायपास मार्ग पर दिन में कई बार वाहनों के फंस जाने से जाम की स्थिति निर्मित होती रही। दिन में कई बार देर तक वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में मार्ग पर फंसे रहे और परेशान होते रहे।

### नि:शुल्क शिविर संपन्न

**गंजबासौदा।** ग्राम फूफैर के हाई स्कूल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का एवं स्टॉफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर माया सिंह द्वारा किया गया एवं औषधि वितरण एवं अन्य व्यवस्था रमेश कुमार गुजराती कंपाउण्डर द्वारा की गई। शिविर में विद्यार्थियों को खान-पान, आहार हरी सब्जियां एवं योग से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ, छात्र, छात्राएं मौजूद रहीं।

### शिवलिंग पर चढ़ाई 31 किलो की माला



**गंजबासौदा।** सिद्ध बाबा पहाड़ी पर स्थित गोखुर धाम में 24 फीट ऊंचे नवीन शिवलिंग के लिए 31 किलो वजनी माला की शोभायात्रा निकाली गई। यह माला महाशिवरात्रि पर भगवान विश्वनाथ को अर्पित की गई। यात्रा रविवार को दोपहर 2 बजे बालाजी धाम हथोड़ा से शुरू होकर रेलवे स्टेशन के पीछे से बायपास रोड होते हुए नेगमा पिपरिया मार्ग से गोखुर धाम पहुंची। शाम के समय शिवलिंग पर माला अर्पित कर भगवान शंकर को भोग लगाया गया। बालाजी धाम के राजा महाराज ने बताया कि यह आयोजन भगवान विश्वनाथ की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत किया जा रहा है। आयोजन मनीष द्विवेदी के सानिध्य में हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि गोखुर धाम, नेगमा-पिपरिया मार्ग से करीब 3 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। इस अवसर पर नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए और भगवान शिव की आराधना की गई।

### उदयपुर, त्योंदा, गमाखर सहित आसपास के शिवालयों में देर रात तक रही भीड, घरों में भी हुई पूजन

# महाशिवरात्रि पर नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा













रविवार को भगवान भोलेनाथ की आराधना का विशेष पर्व महाशिवरात्रि नगर सहित इलाके भर में उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर जगह जगह शिव बारात निकाली गईं जिसके बाद भगवान शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। वहीं उदयपुर, गमाखर, त्योंदा के गुफा महादेव मंदिर, ग्राम फूफैर के प्राचीन शिव मंदिर, काला बाग स्थित सिद्धदेश्वर महादेव मंदिर, तिरंगा स्थित महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड उमडी। लोगों ने घरों में भी विभिन्न तरीकों से शिवार्चन किया। महाशिवरात्रि पर सबसे अधिक दर्शनीय एवं पूजनीय स्थान उदयपुर का नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर माना जाता है। इस कारण यहां देर रात से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरु हो गया था। श्रद्धालुओं की भारी भीड को देखते हुए प्रशासन ने दर्शनों एवं पूजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस कारण भारी भीड उमडने के बाद भी कोई अव्यवस्था नहीं हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने व्यवस्थित तरीके से दर्शन एवं पूजन किया। इस मौके पर नगर के त्योंदा रोड, बरेठ रोड, कालाबाग, बरेठ, भाटनी सहित अन्य गांवों भी लोगों ने उदयपुर की ओर जा रहे श्रद्धालुओं को जगह जगह जलपान कराया और प्रसादी वितरित की गई। इस बार भगवान शिव की बारातों की संख्या अधिक रही। भीड़ को नियंत्रित करने प्रशासन ने गांव के चारों तरफ एक-एक किमी से दूर सड़क पर नाके बनाए थे। इससे चार पहिया वाहनों को नाकों के बाहर ही रोका गया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नदी में की गई। नगर से उदयपुर के रास्ते में उदयपुर के पास केवटन नदी एवं उसके आसपास पार्किंग की व्यवस्था थी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के अलावा दूरस्थ अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान महादेव की पूजन अर्चन करने उदयपुर पहुंचे। वहीं कई श्रद्धालु गमाखर स्थित शिवधाम भी पहुंचे। यहां भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन के लिए लगी रहीं। शिवधाम गमाखर पर भी सुबह 4 बजे से अभिषेक शुरू हो गया था। मंदिर के बाहर छोटे से मेले का आयोजन भी हुआ। यहां भी कई भजन मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। दूसरी ओर महाशिवरात्रि के अवसर पर उदयपुर में मेले का आयोजन भी किया जा रहा है। मेले में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उदयपुर में एसपी रोहित कासवानी, एसडीएम अनुभा जैन, एसडीओपी शिखा भलावी, सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उधर त्योंदा में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव गुफा मंदिर तक शिव बारात निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए जो डीजे पर चल रहे भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। वहीं उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार कराए गए। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी शिवमंदिरों तक शिव बारात निकाली गईं। इस मौके पर कुरवाई विधायक सहित गणमान्य नागरिक और श्रद्धालुगण मौजूद थे। महाशिवरात्रि पर मनकामेश्वर, कांच मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, शीतला शक्तिधाम, नौलखी मंदिर, ग्राम फूफैर के जटाशंकर महादेव एवं शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शिवार्चन के लिए वाहनों से पहुंचे। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में शिवार्चन के लिए इतना उत्साह था कि कई गांवों से श्रद्धालु देर रात और अल सुबह पदयात्रा करते हुए उदयपुर पहुंचे और शिवजी का जलाभिषेक किया। वहीं कई गांवों से दोपहर एवं शाम को भी श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए झंडा लेकर उदयपुर की ओर रवाना हुए। नीलकंठेश्वर मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। उदयपुर मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से प्रशासन द्वारा डायवर्सन एवं पार्किंग व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं के चार पहिया वाहन जैसे कार, टैक्टर, लोडिंग आदि की पार्किंग केवटन नदी में की गई, जबकि मोटर साइकिल की पार्किंग शराब दुकान के पीछे ग्राउंड में एवं वेयरहाउस तथा वात्सल्य स्कूल में की गई। सुबह 5 से रात्रि 8 बजे तक वाहनों का डायवर्सन रहा। हैवी वाहन ग्राम हथोड़ा, पठारी, घटेरा से उदयपुर तरफ आने के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित रहे।

## सवारियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, पांच लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को शाम के समय त्योंदा रोड पर मॉडल स्कूल के पास सवारियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दस्टोन में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के पांच सदस्य ऑटो पलटने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। वहीं शेष घायलों का उपचार शासकीय अस्पताल में जारी है।

## उदयपुर में संस्कृति विभाग ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ऐतिहासिक और पुरा नगरी उदयपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर संस्कृति विभाग ने महादेव नामक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें कलाकारों ने शिव आराधना पर आधारित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति, गणेश वंदना, लोकगीत आदि की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि के अवसर पूरे प्रदेश स्तर पर संस्कृति विभाग के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी बीच उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भी सांस्कृतिक विभाग द्वारा धार्मिक कार्यक्रम की प्रस्तुति आयोजित की गई। जिसमें कलाकारों द्वारा शिव विवाह, गणेश वंदना, भजन, लोकगीत की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में श्याम सुंदर शर्मा , बासौदा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव , मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला कार्यकारणी सदस्य केशव दुबे , सरपंच वर्षा राजेंद्र चौरसिया , पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मांगीलाल राय , नीरज साहू ,संतोष शर्मा उपस्थित थे। जबकि मंदिर परिसर में कार्यक्रम देखने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

## चना, मसूर, तेवड़ा की गहाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में पहली बोवनी वाली और पथरीली भूमि वाली चना, मसूर, तेवडा और बटरी की फसलें अब पक चुकी हैं और उनकी कटाई एवं गहाई जोरों पर चल रही है। जबकि शेष क्षेत्र में दलहनी फसलें अभी फूल और फलन की अवस्था में हैं। यहां उल्लेखनीय है कि रबी सीजन की बोवनी के पहले हुई अच्छी बारिश से खेतों में पलेवा प्राकृतिक सिंचाई के माध्यम से हो गया था। जिससे किसानों को पलेवा नहीं करना पडा था। वहीं असिंचित क्षेत्रों एवं पथरीली भूमि वाले क्षेत्र में पहले ही किसानों ने चना, मसूर, तेवडा, बटरी की बोवनी कर दी थी। बारिश से इन फसलों को काफी लाभ मिला था और अब ये फसलें पककर तैयार हो चुकी हैं। ऐसे में किसान पकी फसलों की कटाई एवं गहाई करवा रहे हैं। चित्र में ग्राम मेवली जीवाजीपुर के बीच ऐसी ही कटी फसल की थ्रेसर से गहाई चल रही है। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की मेहरबानी से फसलों की स्थिति अच्छी है और जल्दी बोवनी वाली फसलों की गहाई में उपज भी बेहतर प्राप्त हो रही है।

### 87 की जांच, 37 के बने आयुष्मान, 62 की आभा आईडी

## मेले के हेल्थ कैंप में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बासौदा के उदयपुर मेले में श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में विशेष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसका लाभ बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों ने प्राप्त किया। मेले में लगाए गए इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी बनाने की सुविधा प्रदान की गई। शाम 4 बजे तक हेल्थ कैंप में कुल 87 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा श्रद्धालुओं की सामान्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से कैंप में 37 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे पात्र हितग्राहियों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ मिल सकेगा। वहीं 62 श्रद्धालुओं की आभा (ABHA) आईडी भी बनाई गई, जिससे उनका डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सकेगा और भविष्य में उपचार के दौरान सुविधा प्राप्त होगी। मेले में लगाए गए इस हेल्थ कैंप से श्रद्धालुओं को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे उन्हें उपचार के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले की अवधि में स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, ताकि आपातस्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित उपचार मिल सके।

## श्रमदान दल ने रिपटा घाट पर चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रविवार को श्रमदान दल के सदस्यों ने साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत सुबह के समय बेतवा नदी के रिपटा घाट पर उतरकर शक्ति स्वरूपा मां वैत्रवती के आंचल की सफाई की।

महाशिवरात्रि के दिन जब मंदिरों में घंटे बज रहे थे, लोग जल चढ़ा रहे थे और "हर-हर महादेव" के जयघोष हो रहे थे। उसी समय कुछ लोग लाल जर्सी में चुपचाप नदी के घाट पर झुके हुए थे। वे पूजा नहीं कर रहे थे अपितु सही मायने में वे पूजा को सार्थक कर रहे थे। अंतर था तो बस इतना कि उनके हाथों में फूल नहीं, कचरे की थैलियाँ थीं, माथे पर तिलक नहीं, पसीना था, पर शायद यही सच्ची आरती थी। 19 वे चरण स्वच्छता कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल, दिनेश चौरसिया, नीरज साहू, योगेंद्र माझी, अंशुल शर्मा , राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, आकाश जैन सहित कई जागरूक नागरिक ने सहभागिता करते हुए रिपटा घाट पर साफ, सफाई की।



## ई-रिक्शा बने परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेलवे स्टेशन पर अब बैटरी से चलने वाले सवारी ऑटो की भरमार हो गई है और सवारी ऑटो इतनी संख्या में हो गए हैं कि अब लोग उनसे परेशान होने लगे हैं। परेशानी इतनी बढ़ गई है कि बैटरी चलित ऑटो चालक कहीं भी ऑटो को खड़ा कर देते हैं, ना तो वह पार्किंग देखते हैं और ना ही वह किसी सुरक्षित स्थान पर ऑटो का खड़ा करते हैं। बैटरी चलित ऑटो जब ट्रेन आती है तो इतने बेतरतीब तरीके से खड़े कर देते हैं कि यात्रियों को भी निकलने में दिक्कत खड़ी हो जाती है। ऐसे में समय समय पर आरपीएफ और जीआरपी भी कार्रवाई करती रहती है, इसके बावजूद भी बैटरी चलित ऑटो की दिन ब दिन संख्या बढ़ती ही जा रही है और ऑटो से जाम की स्थिति एवं परेशानी सुबह और शाम में निर्मित हो रही है।

## खबर संक्षेप



### संस्कार सेना की राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुर्वे का हुआ सम्मान

**सिरोंज।** वरिष्ठ समाजसेविका संस्कार सेना की राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुव्रे का सम्मान राजस्थान के फलोदी में किया गया। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया गया। इस अवसर पर संस्कार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगडे,मेघराज कल्ला,ब्रजमोहन व्यास ,राजेश कल्ला,रामाकिशन थानवी आदि मौजूद रहें।

### 17 को सिरोंज में लगेगा हज पर जाने वालों का टीकाकरण कैम्प

**सिरोंज।** विदिशा जिले से 2026 में हज पर जाने वाले 127 हज यात्रीयों के लिए म.प्र राज्य हज कमेटी के चैयरमेन रफत वारसी,सीईओ फरज़ाना गज़ाल से निर्देश प्राप्त होने के बाद जिला हज कमेटी विदिशा अध्यक्ष सैयद नदीम अली के निर्देषानुसार में जिला स्तरीय टीकारण कैम्प सिरोंज में आयोजित होगा। इस अवसर पर जानकारी देते हुए विदिशा जिला हज कमेटी उपाध्यक्ष डॉ.रजी खान ने बताया कि 17 फरवरी को सुबह 9:30 से तहसील रोड स्थित बुनियाद गार्डन में टीकाकरण कैम्प आयोजित होगा। जिसमें विदिशा जिले से हज पर जाने वालो को टीकाकरण होगा। 2026 में विदिशा जिले से हज पर जाने वालो में सिरोंज से 53,लटेरी से 15,कुरवाई से 24, गंज बासौदा से 09,नटेरन से 02,ग्यारसपुर से 05,विदिशा से 16 हज यात्री है। इस प्रकार 125 हज यात्री विदिशा जिले से हज के लिए रवाना होगें। इसके अलावा कुछ नाम वेटिंग में भी है। इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी से नियुक्त विदिशा जिला हज ट्रेनर डॉ फारूक बैग भी उपस्थित रहेंगे।

### सोमनाथ सेवा समिति द्वारा नगर में निकाली भव्य शिव बारात

# शिवजी ने किया तांडव नृत्य, बारात में शामिल हुए देवी-देवता, नाचे भूत-प्रेत

**पुष्पवर्षा कर शहरवासियों ने किया भव्य स्वागत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शिव मंदिरों में महाशिवरात्री पर दिनभर हर-हर महादेव के नारो की गूंज रही। शिवभक्तों ने दिनभर भोलेनाथ की आराधना की। महाशिवरात्री को लेकर शिवमंदिरों में अलसुबह से ही श्रध्दालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था,जो देर रात तक जारी रहा। प्राचीन नीलकंठेश्वर मंदिर,जटाशंकर धाम,सोमनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में दिनभर श्रध्दालुओं का तांता लगा रहा। शिवभक्तों ने दूध-दही शहद, बेलपत्र, गंगाजल, चीनी, भांग,धतूरा फल आदि शिवलिंग पर चढ़ाकर पूजा अर्चना की। श्रध्दालुओं ने दूध गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक किया। पंडितों ने यजमानों के हाथों मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया। वही दिनभर भजन कीर्तन में श्रध्दालु मंत्रमुग्ध रहे। तो वही रात्रि में कही संगीत तो कही विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### धाम देवपुर में उमड़ा श्रध्दालुओ का जनसैलाब

बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में सुबह से ही भोले शंकर की जय-जयकार और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा। मंदिर में माथा टेंकने के लिए भक्तों की कतारे लगी रही। धाम देवपुर में श्रध्दालुओं का सुबह से ही आना शुरू हो गया था। विशेषकर महिलाएं और युवतियां हाथों में पूजा की थाली लेकर बाबा के दरबार पहुंची और दूध,जल से बाबा विश्वनाथ का अभिषेक किया। पूजा अर्चना के दौरान भगवान को बेल पत्र,फूल और फल चढ़ाए। इस दौरान हजारों लोगों ने मंदिर में माथा टेक मन्नतें मांगी। इस दौरान समिति द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी,मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।


इसी तरह ग्राम पिपालिया हाट में स्थित बावा बर्फानी के दरबार में भी शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रध्दालुओं ने शिवलिंग का अभिषेक किया और पूजा की इसके अलावा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जो देर रात तक चलता रहा। मंदिरों में श्रध्दालुओं को भांग अन्य खाद्य पदार्थो का प्रसाद वितरित किया गया। महाशिवरात्रि को लेकर शिवमंदिरों को बिजली की रंग-बिरंगी लाईटो से सजाया गया था। ग्रामीण अंचलों में भी महाशिवरात्री का पर्व श्रध्दा के साथ मनाया।

### बाबा बर्फानी दरबार में श्रद्धालुओं ने ग्रहण की लंगर महाप्रसादी

बाबा बर्फानी दरबार पिपलिया हाट में श्री अरमनाथ बर्फानी सेवादल द्वारा विशाल भंडारा शिव भक्तों की सेवा में संपन्न हुआ। तो वही शिव बारात में शिव पार्वती की अनुपम मनमोहक झांकी बाबा बर्फानी दरबार से पावन विश्वनाथ देवपुर के लिए रवाना हुई जिसका संचालन वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र पालीवाल द्वारा किया गया। शिव बारात का भव्य स्वागत, पूजन, अर्चना, महाआरती बाबा बर्फानी दरबार पर श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल के अध्यक्ष तुलसीराम शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्त शिव बारात में सम्मलित हुए एवं क्षेत्र वासियों ने बाबा के दरबार में आयोजित लंगर में महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। तो वही रात्रि में पंचामृत पंचाभिषेक शास्त्री ऋषिकांत आचार्य के द्वारा विधि विधान से कराया गया। प्रातः ब्रह्म महूर्त में हवन किया गया और परंपरागत शिवरात्रि महोत्सव बड़ी धूमधाम से पूर्ण हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### शाम को निकली बारात

नगर में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बैण्ड व डीजे की मधुर धुनों के साथ शिव बारात निकाली गई। शिव बारात का शुभारंभ सुभाष नगर हाजीपुर स्थित पाटीदार धर्मशाला से किया गया। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह शिव बारात का पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया गया। भगवान शिव की बारात नगर के सुभाष नगर,नगर पालिका,अम्बेड़कर चौक,गांधी बाजार,चांदनी चौक,से होते हुए कठाली बाजार पहुंची। जहां सोमनाथ सेवा समिति ने भगवान भोलेनाथ की बारात का भव्य स्वागत किया। परंपरानुसार भगवान शिव-माता पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया गया। बारात में शामिल नगरवासियों ने भगवान शिव के भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया। साथ ही जगह-जगह मिठाई बांटी गई। सोमनाथ सेवा समिति द्वारा सजाई गई झांकी आर्कषण का केन्द्र रही। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।





### श्री सीताराम लेखन प्रेमियों द्वारा किया गया भोले बाबा का भव्य अभिषेक

**सागर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर से आधा सैकड़ा की गिनती मे सीताराम लेखन प्रेमियों ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिशर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर मंदिर के पुजारी शिवदर्शन तिवारी के निर्देशन मे पूर्ण विधिविधान एवं मंत्रोचार के साथ मंदिर मे विराजमान भोले बाबा की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। उक्त जानकारी देते हुये सीताराम नाम बैंक जिला शाखा के सह व्यवस्थापक पं. श्री ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आज कि पूजा अर्चना मे सिर्फ ओर सिर्फ गाय माता के दूध से निर्मित ही सामग्री का उपयोग सभी सीताराम लेखन प्रेमियों के द्वारा किया गया। जिसमे दूध, दही, ओर शुद्ध घी के आलावा जो मिस्ठान भोले बाबा जी को अर्पित किया गया वह भी गाय माता के दूध से ही बना हुआ था। द्विवेदी ने आगे बताया कि आज सुबह सभी लेखन प्रेमी 10बजे जय गुरुदेव भवन सनराईज मेगासिटी मे एकत्रित हुये ओर फिर एक साथ सिरोंजा स्थित शिव मंदिर पहुंचे ओर सर्वप्रथम भोले बाबा का अभिषेक किया। ततपश्चात उपस्थित लेखन प्रेमियों के द्वारा हर हर महादेव, जय शिवशंकर, बोल बम, के जयकारा लगाये गये ओर फिर भोले बाबा कि आरती की गईं। अंत मे सभी को प्रसादी वितरित की गईं। इस अवसर पर संध्या रामरतन तिवारी, सुनीति मुकेश श्रीवास्तव, अर्चना ब्रजेश द्विवेदी, सरोज शिवदर्शन तिवारी, सहित 50महिला एवं पुरुष सीताराम लेखन प्रेमी इस धार्मिक आयोजन मे उपस्थित रहे।



### वेद मंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान हुआ गुरोन निवास, अभिषेक पूजन, प्रसादी का वितरण

**सागर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। जगह-जगह अभिषेक हवन पूजन किया गया, तो वही मकरोनिया में गुरोन निवास पर भी बाबा महाकाल का अभिषेक पूजन और हवन संपन्न हुआ। वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा वेद मंत्रों के साथ सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जन सेवक मनी सिंह ने बाबा का अभिषेक किया और आरती पूजन के बाद प्रसादी में खीर का वितरण किया। जिसमें अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरोन निवास पर जब बाबा महाकाल का अभिषेक शुरू हुआ तो पूरा परिसर मंत्रों की ध्वनि से गूंज उठा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

## भव्य शिव बारात निकाली मंदिरों में दिनभर रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ शिव बारात निकाली गई। सुबह से ही प्रमुख शिव मंदिरों में महिलाओं सहित श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा दिनभर मंदिरों में रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा।

शाम को प्राचीन शिव मंदिर से भगवान शिव की आकर्षक झांकी के साथ प्राचीन शिवालय चौक मंदिर से शिव बारात निकाली गईं। नंदी पर सवार शिव स्वरूप और शिवगणों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती बारात का जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती कर स्वागत किया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, नगर परिषद और तहसील के कर्मचारियों ने साफ-सफाई और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूर्वेश्वर महादेव समिति द्वारा बाबा महाकाल की फूल मालाओं से सजाकर पालकी निकाली गई।

## द्वितीय दिवस पंच परमेष्ठी विधान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस श्री पंच परमेष्ठी विधान हुआ।

प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि 14 से 16 फरवरी तक चल रहे इस मंगल आयोजन में जयपुर से पधारे पं. स्वानुभव शास्त्री ने अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु के गुणों का स्मरण कर आत्मशुद्धि, कर्मक्षय और मोक्षमार्ग की प्रेरणा दी। प्रातः जिनेन्द्र पूजन, मंडल विधान एवं आध्यात्मिक प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया,



जबकि रात्रिकालीन सत्रों में धर्मचर्चा जारी रही। अखिल भारतीय जैन महिला फैडरेशन सहित समाजजनों की उपस्थिति रही। ट्रस्ट अध्यक्ष मलुकचंद जैन ने अधिकाधिक धर्मलाभ लेने की अपील करते हुए शेष कार्यक्रमों में सहभागिता का आमंत्रण दिया।

### शिवरात्रि पर महादेव युवा संगठन ने श्रद्धालुओं को बांटी खीर

**विदिशा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुक्तिधाम परिसर में महादेव युवा संगठन द्वारा विशाल फलाहारी खीर वितरण का आयोजन किया गया। आयोजक सुमित मोतियानी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए 200 किलो शुद्ध दूध और साबूदाने की खीर का महाप्रसाद तैयार कर वितरित किया गया। शाम के समय दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए संगठन के युवाओं ने मुस्तैदी से सेवा की। सुमित मोतियानी के अनुसार व्रतधारी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुद्धता का विशेष ध्यान रखा गया था। इस दौरान हजारों भक्तों ने बाबा का आशीर्वाद और महाप्रसाद ग्रहण किया।



## महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ ग्यारसपुर कई जगह गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर नगर में महाशिवरात्रि का पर्व अपार श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

सुबह 5 बजे से ही नगर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और घंटों-घड़ियालों की ध्वनि तथा हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। तहसील परिसर स्थित पूंडेश्वर महादेव मंदिर में पंडित राकेश दुबे द्वारा विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कराया गया। मोटे महादेव सहित विभिन्न प्राचीन मंदिरों में भक्तों ने दूध, दही, घी, शहद, धतूरा, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की तथा व्रत रखकर मंगलकामनाएं कीं। शाम को नगर में भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसका दुर्गा चौक पर स्वागत हुआ। यहां भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। खजिया बाग मंदिर में भगवान शिव शंकर के सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति के पदाधिकारियों सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जैन मिलन ने निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर लगाया

## 235 लोगों ने रियायती दर पर जांच कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जैन मिलन विदिशा द्वारा अरिहंत विहार स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर परिसर में आयोजित निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में समाजजनों का उत्साहपूर्ण प्रतिसाद देखने को मिला।

अपोलो सेज हॉस्पिटल, भोपाल के चार विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित संस्था से जुड़े 14 डॉक्टरों ने पूर्णतः निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। विशेषज्ञों ने न्यूरोलॉजी, हृदय, किडनी, पेट सहित विभिन्न रोगों पर परामर्श दिया। पूर्व में आयोजित रक्त जांच अभियान में लगभग 235 लोगों ने रियायती दर पर जांच करवाई थी,




जिनकी रिपोर्ट पर शिविर के दौरान चिकित्सकीय सलाह दी गई। शिविर में करीब 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने चिकित्सकों, सदस्यों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### सहरिया समाज की जनजागृति बैठक का आयोजन किया गया

# युवाओं को समान लाभ देने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

क्षेत्र के ग्राम शालाखेड़ी ,शाहपुर, नहरिया , जटपुरा, मोहि नसरतगढ़, भियाखेड़ी आदि गांवों में सहरिया समाज महासभा के तत्वावधान में सहरिया जनजागृति बैठक का आयोजन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष फूलसिंह सेमरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री सतीश चौहान एवं जिला युवा अध्यक्ष राधेश्याम उपस्थित रहे। बैठक में सहरिया जनजाति के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से सभी समाजजनों को



जानकारी दी गई। पीएम जन मन अभियान एवं आहार अनुदान योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु समाजजनों से अपने आवश्यक दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, समग्र आईडी, आय एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र आदि पूर्ण रूप से तैयार रखने की अपील की। बैठक में सामाजिक एवं शैक्षणिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से भोपाल संभाग के जिलों में निवासरत सहरिया जनजाति के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को ग्वालियर-चंबल संभाग की तरह शासकीय लाभ दिलाने की मांग प्रमुख रही। इस संबंध में आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं आंदोलन में अधिक से अधिक समाजजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह सेमरिया ने कहा कि समाज की समस्याओं एवं प्रमुख मांगों को मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष प्रभावी रूप से रखा जाएगा। बैठक में ग्राम अध्यक्ष किशन सहरिया, कोमल सिंह सहरिया, पप्पू सहरिया, कुवेर सिंह सहरिया, घीसूलाल, मदन सहरिया, जशमन सहरिया, ग्राम उपाध्यक्ष नाथूराम, तखत सिंह, रामबाबू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।।

» दुर्ग स्थित सोमेश्वर धाम में आयोजित विशाल मेले में 50 हजार से अधिक भक्तों ने पहुंचकर किए शिवजी के दर्शन

» शहर में निकली भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात में समूचा शहर बना बाराती, भूत-प्रेत और गणों ने किया जमकर नृत्य

» महाशिवरात्रि पर जिलेभर के शिवधामों में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़, दिनभर चलता रहा जलाभिषेक का दौर

# महाशिवरात्रि महापर्व पर श्रद्धालुओं ने किया शिव अभिषेक, किले पर लगा विशाल मेला

## » सोमेश्वर धाम के गर्भगृह में भक्तों की रही भारी भीड़, चाक चौबंद रहीं व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

महाशिवरात्रि पर्व पर दुर्ग स्थित प्राचीन सोमेश्वर धाम में धर्म व आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सूर्योदय के साथ सोमेश्वर महादेव मंदिर के पट खुलते ही दर्शन और जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जो शाम तक अनवरत जारी रहीं।

विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा अर्चना हुई। किला पहाड़ी पर आयोजित विशाल मेले में करीब 50 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। मेले के दौरान समाजसेवियों ने स्टॉल लगाकर भक्तों के लिए फलाहार और पानी का वितरण किया।

इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन सहित नगर सुरक्षा समिति ने सुरक्षा के लिए चौकस रहा। पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



### महाकाल की 'शाही सवारी' पर बरसाए पुष्प

शहर में धूमधाम से निकाली बाबा महाकाल की शाही सवारी ने शहर को पूरी तरह शिवमय कर दिया। भूत-पिशाचों की झांकी और शिवगणों के नृत्य ने शिव बारात को अलौकिक स्वरूप प्रदान किया। सर्वार्थ सिद्धि योग में निकली यह भव्य बारात श्रद्धा, आस्था और उत्सव का अद्भुत संगम बनकर देर नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। शिवभक्तों द्वारा उत्साहित होकर महाकाल बाबा की शाही सवारी और शिव बारात पर जमकर बरसाए श्रद्धा आस्था के फूल।

### झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

महाकाल की भव्य बारात में घोड़े पर सवार बच्चे को शिव की वेशभूषा में सजा धजा कर बिठाया। गुरिल्ला डांस, ट्राले में भगवान विष्णु के रूप में शिव और माता लक्ष्मी के रूप में माता पार्वती की भव्य प्रतिमाएं, शिव पार्वती का स्वरूप ने लोगों का मनमोह लिया।

### शहर में धूमधाम से निकाली भगवान शिवजी की बारात

महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के पाटनदेव स्थित श्रीहनुमान मंदिर से भगवान शंकर की विशाल बारात डीजे व ढ़ोल नगाड़ों के बीच प्रारंभ हुई। बारात में दूल्हा बने भगवान भोलेनाथ और दुल्हन बनीं माता पार्वती की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शाही सवारी में भगवान महाकाल की पालकी को हजारों भक्तों ने कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण कराया।

शिव बारात में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर थिरकते नजर आए। शिव बारात में भूत-पिशाच, गण व शिवगणों की वेशभूषा में बच्चे और युवाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शिव बारात का नगर में जगह-जगह सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वहीं सागर-भोपाल तिराहे पर श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री के नेतृत्व में बारात का जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर शिवभक्तों के लिए पेयजल और फलाहार प्रसादी का वितरण किया।

• सोमेश्वर धाम के गर्भगृह में जलाभिषेक



• शिव बारात में आकर्षण का केंद्र रही प्रतिमाएं



• भव्य शिव बारात में शामिल हुए शहरवासी





पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

## धूमधाम से निकाली गई शिव जी की बारात

**सांची।** नगर की डॉ. हेडगेवार कॉलोनी के शिव मंदिर से भगवान शिव जी की धूमधाम से बारात निकाली गई। शिव बारात मुख्य मार्ग से होती हुई वापस कॉलोनी में आकर समाप्त हुई। बारात में भूत, प्रेत नंदी तथा कई प्रकार के दृश्य देखने को मिले। शिव बरात का लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

बारात के समापन पर शिव मंदिर में प्रसादी वितरण किया गया। वही अखंड कीर्तन का भी स्मरण 24 घंटे के लिए चल रहा है, इसका समापन सोमवार को किया जाएगा। वही किन्नर समाज द्वारा भी भगवान की शोभायात्रा धूमधाम से निकल गई।



शिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब

## गढ़ी के महाबली खोए में लगा विशाल मेला

**गैरतगंज।** सिद्ध तपोभूमि महाबली खोह धाम गढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष भी भव्य मेले का आयोजन किया गया। विगत वर्षों की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए, इस वर्ष आयोजन ने विशाल रूप धारण किया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

सुबह तड़के से ही गढ़ी घाटी जयकारों से गुंजायमान होने लगी थी। लाखों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर और पूरी घाटी में सुरक्षा एवं दर्शन की सुचारू व्यवस्था देखी गई।



दआस्था और उत्साह का संगम

## महाशिवरात्रि पर अंबाड़ी में निकाली शिव बारात

**दीवानगंज।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला है। श्रद्धालु भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और विभिन्न आयोजनों की तैयारियों में जुटे रहे।

अयोध्या धाम मंदिर अंबाड़ी में हर साल की तरह इस साल भी शिव बारात का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव महाभिषेक एवं हल्दी-मेहंदी की रस्मों से हुई। इसके पश्चात भव्य शिव बारात ढोल-नगाड़ों, और राई नृत्य के साथ अयोध्या धाम पहुंची। वहीं गीदगढ़ गुफा मंदिर में भी भव्य धार्मिक आयोजन हुआ।



गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

## शिव जी का कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**सिलवानी।** महाशिवरात्रि पर ग्राम उचेरा जमुनिया में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कांवड़ियों ने मां नर्मदा नदी से जल भरकर लगभग 50 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की और ग्राम स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर परिसर में भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया।

कांवड़ियों का ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर और आरती उतारकर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात कांवड़ यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई। डीजे और गाजे-बाजे के साथ कावड़ यात्रा निकाली गई।

भगवान शिव की बारात में नृत्य पार्टी के नृत्यों का रहा आकर्षण, स्थान-स्थान पर हुआ स्वागत पूजन

## महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से निकाली भोले शंकर की बारात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्रीशिव अखाड़ा, व्यायाम शाला के तत्वाधान में भव्य विशाल शिव जी की बारात कलश शोभायात्रा के साथ निकाली गई। शिव बारात में प्रेम नगर कॉलोनी से शुरु हुई, नगर के प्रमुख मार्गो का भृमण कर प्रेम नगर कॉलोनी मंदिर प्रांगण में समापन हुआ।

डीजे, बेंड बाजे, आतिशवाजी और भोलेशंकर पर आधारित गीत-संगीत, भजनों पर शिव बारात में सम्मिलित बाराती, युवक मस्ती में झूमते-नाचते साथ चलते रहे।

### नृत्यों की रही विशेष धूम

शिव बारात में बनारस से आये कलाकारों द्वारा भगवान शंकर, माँ पार्वती का सजीव रूप धारण कर बारात के दौरान मनमोहक, आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शिव बारात का नप व स्थान-स्थान पर शिव भक्तों द्वारा स्वागत, पूजन किया जाता रहा। शिव बारात का प्रेम नगर कॉलोनी में समापन हुआ।

## बालमपुर घाटी पर दिखा बाघ राहगीरों में बनी दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर स्थित बालमपुर घाटी के पास स्थित शिव के पास बीती रात बाघ द्वारा शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। बालमपुर निवासी विनोद सिसोदिया ने बताया कि रात के समय घाटी क्षेत्र में बाघ शिकार कर जानवर को मुंह में दबाकर ले जाता दिखाई दिया, जिसका उन्होंने वीडियो बना लिया। बाघ शिकार को लोहे की रेलिंग के ऊपर से खींचने की कोशिश कर रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघ और तेंदुए का



मूवमेंट लगातार देखा जा रहा है। दोनों ही वन्य जीवों द्वारा पालतू पशुओं का शिकार किए जाने की घटनाएं बढ़ने से ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में सक्रिय बाघ और तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रेस्क्यू किया जाए।

### ग्राम गीदगढ़ में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**दीवानगंज।** ग्राम गीदगढ़ में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मां भारती के वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शुभम विराट धाकड़ गीदगढ़ मित्र मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक शुभम विराट धाकड़, राहुल धाकड़, अजय धाकड़ सहित मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी वीरता और बलिदान को याद किया गया।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ, खेल स्टेडियम का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सिलवानी सोशल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह और उमंग के बीच हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह द्वारा किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में ठाकुर रामपाल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन भी है। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि वे पूरी मेहनत और लगन से अभ्यास करें, सुविधाओं की कोई कमी नहीं आने दी



जाएगी। साथ ही उन्होंने सिलवानी में शीघ्र एक खेल स्टेडियम की सौगात दिए जाने की घोषणा कर खिलाड़ियों में उत्साह भर दिया।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न शहरों इंदौर, भोपाल, देवास, इटारसी, होशंगाबाद, सागर, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज और देवरी से प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, पार्षद प्रदीप कुशवाह, पुनीत समैया, मदन रघुवंशी, दीनानाथ श्रीवास्तव, निखिलेश राय, जावेद खान, राशिद पेंटर, शशांक जैन, मोहम्मद अली सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन मोहम्मद तारिक द्वारा प्रभावी ढंग से किया। सिलवानी में आयोजित यह ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट न केवल स्थानीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच साबित हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को भी नई दिशा दे रहा है।

वहीं खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि ऐसे ही आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहेंगे और जिले की तहसील सिलवानी खेल प्रतिभाओं का उभरता केंद्र बनेगी।

महाशिवरात्रि पर नगर व क्षेत्र में शिव भक्ति का बना रहा माहौल

## बापौली धाम जामगढ़ भगदेही के प्राचीन शिव मंदिरों एवं शिवालयों में हजारों शिव भक्तों ने किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रविवार को महा शिवरात्रि पर्व मनाने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों शिव भक्त नर-नारियों में भारी उत्साह रहा। सुबह से ही शिवधाम बापौली मंदिर, जामगढ़ में एक हजार फिट ऊँची पहाड़ी गुफा में विराजे भगवान भोलेशंकर एवं भगदेई के प्राचीन शिव मंदिर में अभिषेक, पूजन दर्शन के लिए शिव भक्तों की भारी-भीड़ लाइने लगी रही। नगर के शिवालयों के साथ में नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल, पुल घाट के पास नर्मदा मैया सेवा आश्रम, डूमर के जागेश्वर आश्रम में शिव जी की पूजन अभिषेक के लिए भीड़ का नजारा बना रहा।

महा शिवरात्रि पर शिव भक्तों द्वारा उपवास रख कर शिव-शक्ति की श्रद्धा पूर्वक पूजन, अभिषेक की परंपरा है। महिलाओं द्वारा महा



शिवरात्रि पर भगवान शंकर माता पार्वती का उपवास रख कर चारों पहर की विशेष पूजन कर जिसे फुलेरा बांधना कहा जाता है। महा शिवरात्रि पर ग्रामीण क्षेत्र में पच पाउली पर नव विवाहताओं, बेटियों के यहाँ फलहारी, उपहार सामग्री भेजने की प्राचीन परंपरा का परिवारों द्वारा पालन किया जा रहा है। नगर के शिवालयों में भगवान शंकर का दूध, दही, शहद, नर्मदा जल से अभिषेक पूजन करने के लिए लम्बी लाइने लगी रही। घरों-घर शिव भक्तों द्वारा सहपरिवार भोलेशंकर की विशेष पूजन-अर्चना की गयी।

### बापौली, जामगढ़ में भारी भीड़

विन्ध्य की पहाड़ी में स्थित शिव बापौली धाम में हजारों शिव भक्तों का मेला दिन भर लगा रहा, वहीं जामगढ़ में एक हजार फिट ऊँची पहाड़ी और गुफा में विराजे भोलेनाथ का पूजन, अभिषेक करने दूर-दूर से शिव भक्तों का आना-जाना लगा रहने से पहुंच मार्गो पर आवागमन के दौरान जाम लगने की परेशानियों भरी स्थिति भी बनी रही।

## विधानसभा सत्र में गूंजेंगे रायसेन में अनियमिताओं व भ्रष्टाचार के मामले

### बजट सत्र में सिलवानी विधायक पटेल ने लगाए 44 प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। विधायक देवेंद्र पटेल सिलवानी सहित जिले भर के कई मामलों को विधानसभा में उठाएंगे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बजट सत्र के लिए पटेल से 44 प्रश्नों की सूचनाएं विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुईं हैं।

बजट सत्र में विधायक देवेंद्र पटेल द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी अनियमितताओं और गंगाजल संवर्धन अभियान में हुए भारी भ्रष्टाचार के मामले सहित बायर कंपनी के धान के नकली बीज से सिलवानी तहसील के किसानों को हुई क्षति, रायसेन जिले में शराब की दुकानों का अनियमित और नियम विरुद्ध संचालन, राज्य सरकार पर कर्ज की स्थिति और शासकीय संपत्तियों का विक्रय करने की जानकारी के साथ ही प्रदेश के बजट में जिले की पूर्व में स्वीकृत विभिन्न सड़कों को नियम विरुद्ध तरीके से निरस्त किए जाने का मामला उठाया जाएगा।

विधायक श्री पटेल ध्यानाकर्षण, शून्यकाल और याचिकाओं के माध्यम से भी ज्वलंत मुद्दों और स्थानीय समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी मुद्दा भी उठेगा

जिले में विद्युतीकरण के कार्यों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत में गड़बड़ी और ट्रांसफार्मर के स्टॉक में घोटाले की जानकारी, जिले के नगरीय निकायों में आउटसोर्स कर्मचारियो की भर्ती में गड़बड़ी और उनकी फर्जी पदस्थापना का मामला, जिले के दिव्यांगों को उपकरण वितरण और उनकी पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी की मांग, सड़क एवं पहुंच विहीन ग्रामों को सड़कों से जोड़ने की मांग, मुख्यमंत्री सड़कों का डामरीकरण न किए जाने, जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों में ठेकेदारों के द्वारा अवैध उत्खनन जैसे विभिन्न मामले उठाए जाएंगे।